

# Satya ka Avahan

# सत्य का आवाहन

*Invoking the Divine*

Year 8 Issue 4 July–August 2019
Membership Postage: Rs. 100

Sannyasa Peeth, Munger, Bihar, India

**Hari Om**

Satya ka Avahan is a bilingual and bi-monthly magazine compiled, composed and published by the sannyasin disciples of Sri Swami Satyananda Saraswati for the benefit of all people who seek health, happiness and enlightenment. It contains the teachings of Sri Swami Sivananda, Sri Swami Satyananda, Swami Niranjanananda and Swami Satyasangananda, along with the programs of Sannyasa Peeth.

**Editor**: Swami Gyansiddhi Saraswati

**Assistant Editor**: Swami Sivadhyanam Saraswati

**Published** by Sannyasa Peeth, c/o Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.

**Printed** at Thomson Press India (Ltd), Haryana

© Sannyasa Peeth 2019


**Membership** is held on a yearly basis. Late subscriptions include issues from January to December. Please send your requests for application and all correspondence to:

**Sannyasa Peeth**
Paduka Darshan
PO Ganga Darshan
Fort, Munger, 811201
Bihar, India

✉ A self-addressed, stamped envelope must be sent along with enquiries to ensure a response to your request.

*Front cover*: Swami Niranjanananda Saraswati, Rishikesh 2019

*Plates*: 1: Swami Sivananda Saraswati, Rishikesh; 2: Swami Satyananda, Rishikesh 2002; 3: Swami Niranjanananda, Rishikesh 2019; 4: Swami Niranjanananda and Swami Satyasangananda, Rishikesh 2010



## SATYAM SPEAKS – सत्यम् वाणी

Just as there are two halves of the body, the right and the left, guru and disciple constitute one spiritual entity and the same applies to God and devotee. The role of a guru is to give the disciple an immense sense of security and fearlessness.


—*Swami Satyananda Saraswati*

जिस तरह शरीर के दो भाग होते हैं, दायाँ और बायाँ, उसी तरह गुरु और शिष्य एक ही आध्यात्मिक इकाई के दो अंग हैं और यही सिद्धांत भक्त एवं भगवान पर लागू होता है। गुरु का काम अपने शिष्य में असीम सुरक्षा और साहस की भावना पैदा करना है।

—*स्वामी सत्यानन्द सरस्वती*

**Published** and printed by Swami Kaivalyananda Saraswati on behalf of Sannyasa Peeth, Paduka Darshan, PO Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.
**Printed** at Thomson Press India (Ltd), 18/35 Milestone, Delhi Mathura Rd., Faridabad, Haryana.
**Owned** by Sannyasa Peeth **Editor**: Swami Gyansiddhi Saraswati

Satya ka
# Avahan
सत्य का आवाहन
*Invoking the Divine*
Year 8 Issue 4 • July–August 2019



**न तु अहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्। कामये दुःखतप्तानां प्राणिनां आर्त्तिनाशनम्॥**

"I do not desire a kingdom or heaven or even liberation. My only desire is to alleviate the misery and affliction of others."


—Rantideva

## Contents

2 Gurudom
3 गुरु-भक्ति की बहुमूल्य मणि
5 The Choice is Ours
6 Guru
8 Surrender
10 गुरु की भूमिका
16 Inner Guru
19 शिष्यों के लिए पंच-सकार साधना
22 Guru Poornima
25 Guru Poornima
27 Align with Guru's Sankalpa
30 दीक्षा का महत्त्व
33 I Will Look After You
36 गुरु पूर्णिमा
38 Creating Conduction
41 The Role of the Guru
42 पुष्पांजलि की स्वीकृति
44 The Mirror and Constant Awareness
47 Flowers of Grace
48 हे मेरे नटखट गुरुवर

# Gurudom

*Swami Sivananda Saraswati*



I always loved silent sadhana in seclusion. During the day for a short period I would write some articles and letters to thirsty aspirants. I did not use a kerosene light, nor did I work at night at any time. I used to come out of my Kutir just for an hour in the morning to serve the sick people with medicine, for a brisk walk in the compound, to bathe in the Ganga and to go to the Kshetra for bringing my food. This sort of routine has become my habit during my thirty-five years of life in Rishikesh.

I never indulged in loose talks with friends. When I went to the Kshetra, I observed mouna. To avoid people, I used to walk through a small footpath through the jungle. While walking to the Kshetra, I combined deep breathing exercises and mental japa.

I had no ambition to become world-famous by any extensive tour or thrilling lectures from the platform. I never attempted to be a Guru to anyone. I am not pleased when people call me: "Satguru" or "Avatar." I am dead against 'Gurudom'. That is a great obstacle and has caused the downfall of great men on the spiritual path. Gurudom is a menace to society. Even now I ask people to do namaskara to me mentally. The few lines I wrote to one of my disciples in 1931 convey my attitude clearly:

I am only a common sadhu. I may not be able to help you much. Further I do not make disciples. I can be your sincere friend till the end of my life. I do not like to keep persons by my side for a long time. I give lessons for a couple of months and ask my students to meditate in some solitary places in Kashmir or Uttarkashi. ■

# गुरु-भक्ति की बहुमूल्य मणि

स्वामी शिवानन्द सरस्वती

गुरु पूर्णिमा एक महान् तिथि है जो सच्चे साधक को एक गुह्यतम रहस्य का स्मरण कराती है। यह रहस्य है गुरु-भक्ति और गुरु-सेवा के उस अतीन्द्रिय, आंतरिक पथ का, जो भगवत्-साक्षात्कार का सबसे सुगम और सरलतम मार्ग है। गुरु-सेवा ही वह राज-मार्ग है जिस पर उत्तांक, उपमन्यु, आरुणी, पद्मपाद और मिलारेपा जैसे शिष्यों ने चलकर अमरता को प्राप्त किया था।

आज ही गुरु-तत्त्व का सच्चा अर्थ जानिये और इसका वास्तविक महत्त्व पहचानिये। गुरु के माध्यम से ईश्वर को प्राप्त करने का दिव्य रहस्य केवल भारतवर्ष की पावन धरती पर उद्घाटित और विकसित हुआ; वह धरती जिसने श्वेतकेतु, उद्दालक, सत्यकाम और एकलव्य जैसे गुरु-निष्ठ शूरवीरों को जन्म दिया। समस्त राष्ट्रों में भारतवर्ष ही सबसे धन्य है, सभी भारतीय निधियों में हमारी भव्य संस्कृति ही सबसे बहुमूल्य है, हमारी समस्त सांस्कृतिक धरोहरों में ऋषि-मुनियों द्वारा प्रतिपादित अध्यात्म विद्या ही सबसे उत्कृष्ट थाती है और हमारे समस्त आध्यात्मिक रत्नों में सबसे बहुमूल्य मणि है – गुरु का सिद्धान्त! गुरु-शिष्य सम्बन्ध की उदात्त विचारधारा एक ऐसा अद्वितीय आदर्श प्रस्तुत करती है जो दुनिया में और कहीं नहीं मिलेगा।

जिस प्रकार कीर्तन-साधना कलियुग की विशेष साधना निर्धारित की गयी है, उसी प्रकार, शंका और अहंकार से ग्रस्त इस युग के लिए जो उपयुक्त योग है, वह गुरु-भक्ति योग ही है। इस अद्भुत योग की शक्ति आश्चर्यजनक और प्रभाव अमोघ है। सचमुच गुरु-भक्ति की महिमा वर्णनातीत है। इस युग का यह सर्वोत्कृष्ट योग, ईश्वर को जीते-जागते, चलते-फिरते रूप में आपके सामने ले आता है! साधक का सबसे बड़ा शत्रु उसका अपना कठोर राजसिक अहंकार ही होता है। इस अहंकार के नाश के लिए गुरु-भक्ति योग से बढ़कर कोई साधना नहीं। जो साधक अपने आप को गुरु-भक्ति की भावना से संतृप्त कर लेता है, उसके सामने अविद्या और अहंकार पूर्णतया तेजहीन एवं असमर्थ हो जाते हैं।

इस योग को अपनाने के लिए केवल तीन योग्यताएँ अनिवार्य हैं – निष्कपटता, श्रद्धा और आज्ञाकारिता। अपने लक्ष्य और उसे प्राप्त करने की साधना के प्रति ईमानदार और निष्कपट बनिये। बेमन और निरुत्साह प्रयासों से काम नहीं चलेगा। इसके पश्चात् उस व्यक्ति में पूर्ण श्रद्धा रखिये, जिसे आपने गुरु के रूप में स्वीकार किया है। शंका की छाया तक को अपने पास मत फटकने दीजिये। गुरु के प्रति श्रद्धावान् होने के बाद यह जान लीजिये कि वे जो भी आज्ञा देते हैं, वह आपके भले के लिए ही है। इसलिए उनकी आज्ञाओं का अक्षरश: पालन कीजिये।



गुरु की उपासना ही परमानन्द का मार्ग प्रशस्त करती है। इसलिए मन, कर्म और वचन से गुरु की उपासना और आराधना कीजिये। गुरु की आराधना का सर्वोत्तम उपाय क्या है? गुरु की स्तुति या सम्मान मात्र नहीं, बल्कि जिस उदात्त आदर्श को गुरु ने अपने जीवन और व्यवहार में सिद्ध किया है, उसी उज्ज्वल आदर्श और दिव्य संकल्प को चरितार्थ करने के लिए अनवरत संघर्ष करना और इस संघर्ष में अपना सर्वस्व तक न्यौछावर कर देना ही गुरु की सर्वोपरि पूजा और उपासना है।

यदि आप सच्चे दिल से इस मार्ग का अनुसरण करते हैं, तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि आप अपना लक्ष्य अवश्य प्राप्त करेंगे। वह साधक धन्य है जो इस योग को अपनाता है, क्योंकि उसे अन्य सभी योग मार्गों में भी सिद्धि मिलती है। उसे कर्म, भक्ति, ध्यान और ज्ञान के सर्वश्रेष्ठ फल स्वत: ही प्राप्त हो जाते हैं। ■

# The Choice is Ours

*Swami Niranjanananda Saraswati*



It is rare to find such a disciple and such a master, and we feel blessed that we have lived in a time when masters like Swami Sivanandaji and Swami Satyanandaji have been there to personally guide us. It is now up to us as to how we utilize the wisdom, the teachings and the knowledge which they have given so generously with arms and heart spread open. But are we capable of realizing even five percent of the beauty which they have shared with us, and can we live that five per cent, can we live that effulgence in our lives, whether we are here or anywhere else in the world?

We shall always be permeated by the shakti of the two great masters of our time. The choice is ours. Either we live with our filthy, dirty mind, in a state of negativity, criticism, judgement and harshness or we live the teachings knowing that luminosity will one day burn bright in our lives. ■

# Guru

*Swami Sivananda Saraswati*

The real guru is no doubt within yourself. The father repeats *amma*, mother, and the child instantly utters amma. The father has not told the child how to produce this sound; yet the child has found out! Here is the secret process of inner awakening. All knowledge is within you. You know how to utter the word amma. Ultimately it is the inner consciousness that enabled the child to manipulate the tongue, the lips and the teeth to form the word. But the child, at the same time, needed the external stimulus – the father's utterance – in order to activate the inner teacher.

Similar is the case with spiritual knowledge. No doubt, the inner guru will guide you. No doubt, when you have an extremely subtle intellect, when your heart is pure, when you have a concentrated mind, you will be able to commune directly with this inner guru and get instructions from him. But, in the case of the vast majority of people, the human guru also is necessary. The human guru puts you in touch with the inner guru, the divine being who resides in your heart.

**The aspirant's attitude towards guru**

You have now understood the glory of the guru. That is why the Upanishads declare that the truths of Vedanta can be understood only by one who has great devotion to Ishwara and as much devotion to his guru as to Ishwara. The *Taittiriya Upanishad* says: *Acharya devo bhava* – May your preceptor be your God. This worship and adoration of the guru is the first step to cosmic consciousness. It is easy to convince the mind that this guru who introduces you to the Supreme Paramatman is divine. You wish to mould yourself in your guru's image. Your mind will readily be convinced that such a great soul is fit to be worshipped and revered.



If you have this attitude towards your guru, you will see good and good alone in him. Everything that the guru does will be good; his words will be the Lord's commands to you. You will love to obey him. You will long to serve him. You will crush your ego and make a shoe of it for the guru to wear. You will offer the fragrant flower of your heart at the feet of your guru. The guru will be the one person in whom you will refuse to see evil. That is the first step. That is the key to the realm of cosmic consciousness.


This vision of guru will slowly expand. You will, under the wise guidance of the illumined guru, gradually perceive that the Supreme Principle that resides in your guru pervades the entire creation. You have already crushed your individuality in the service of the guru. When the inner consciousness expands there will be nothing to obstruct it, no ego to limit its expansion. You will very soon realize cosmic consciousness.

This is the supreme secret of service of the guru, worship of the guru and self-surrender to the guru. First realize your God in your guru. Then you will realize God in everyone. First serve your guru selflessly. Then you will be able to serve the entire humanity selflessly. First worship your guru with sincerity and devotion. Then you will worship the all-pervading Lord. Guru is the gateway to God-realization.

Guru is the sacred altar at which you can willingly and lovingly sacrifice your ego. Service of the guru is the mighty conflagration that will burn up all your sins, which will tear to pieces the veil of ignorance, which will instantly reveal to you the splendorous Self that dwells in your own heart. ■

# Surrender

*Swami Satyananda Saraswati*



In Sanskrit the word for surrender is *samarpan*, which means 'giving oneself as an offering'. When you go to guru, you offer yourself to him, but what do you offer? After all, guru is not a king to whom you offer yourself in the form of a fruit! Surrender to the guru means complete unity and communion with him. When you are aware of guru and remember him

from minute to minute, you are surrendering. Every time the thought of guru comes, you give your mind completely to it. That is the meaning of samarpan.

When you surrender to guru, you give your limited self away and receive it back again in fullness. Surrender is not giving up your freedom, but receiving your freedom, like a king. It is not a matter of prostrating yourself before the guru and saying, "Guruji, here I am, protect me, take me in." How can he take you in, and how can you go in? It is a hard psychic process, but if you want to make quick progress on the spiritual path, surrender is a must. Once the guru has absolute control over your mind and psyche, he will make you spiritually powerful.

Surrender is a natural urge. When the surrender is complete, your thoughts are one with the thoughts of the guru. Then every word that he speaks comes true in your life. This I know from my own experience. If the disciple is disobedient and obstinate, with a personality of his own, though this may be a good thing in its own right, the guru's words will not come true for him – this is the psychic law. When the disciple has completely surrendered and his mind is connected with the guru's mind, he is not only guided in conscious moments but also during meditation.

In certain stages of meditation there is darkness, a deep valley through which the disciple is unable to pass, but the voice of the guru carries him beyond it. If he cannot obey the guru on the conscious plane, he certainly cannot do so on the unconscious plane. When commands from the guru are received on the conscious plane, even if the disciple is told to perform the most difficult action, he is able to carry it out if the unconscious mind is obedient to the guru.

The purpose of surrender is to become an efficient instrument of the guru on all levels. If the disciple's surrender is complete, when the guru tells him, "This will happen through you," it happens. The guru can work wonders through the disciple who has totally surrendered. ■

# गुरु की भूमिका

स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

गुरु हम सभी के भीतर निवास करते हैं। उस गुरु को आन्तरिक गुरु या सद्गुरु कहते हैं और अन्तत: हममें से प्रत्येक के अन्दर निवास करने वाले गुरु के अलावा अन्य कोई गुरु नहीं होते। यही सत्य है। किन्तु दुर्भाग्यवश सत्य और यथार्थता के बीच सदैव भेद बना रहता है। यह विश्वास कर लेना पर्याप्त नहीं होता कि गुरु हमारे अन्दर ही रहते हैं। यह विश्वास एक बौद्धिक अवधारणा से अधिक और कुछ नहीं हो पाता। यद्यपि हमारा मन इस बात को स्वीकार और इसमें विश्वास भी कर लेता है कि गुरु हमारे अन्दर हैं, किन्तु उनसे हमें आवश्यक मार्गदर्शन नहीं मिल पाता, क्योंकि हम में अभी अपने आन्तरिक गुरु को खोज निकालने की क्षमता नहीं है।

प्रत्येक पदार्थ में शक्ति निहित है, किन्तु उसकी प्राकृतिक अवस्था में आप उसके अन्दर की शक्ति को ढूँढकर उसका उपयोग नहीं कर सकते हैं। एक निश्चित वैज्ञानिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही उस पदार्थ से शक्ति मुक्त होगी। तभी इसे एकत्र कर उपयोग में लाया जा सकता है। अत: समस्या यह है कि हम अपने आन्तरिक गुरु को किस प्रकार मुक्त और अभिव्यक्त करें।

इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये ही हम साधना करते हैं। इन अभ्यासों के द्वारा हम एक ऐसी अवस्था उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे हैं जिसमें आन्तरिक गुरु प्रकट हो सकें। इसीलिये हमारे प्रथम गुरु वे होते हैं जिन्हें हम देख सकते हैं, समझ सकते हैं, जिनकी भाषा हमारी बौद्धिक पकड़ के अन्दर होती है। वे हमें अपने सद्गुरु तक पहुँचने का मार्ग दिखाते हैं।

**उपयुक्त अभ्यासों का चयन**

उपयुक्त अभ्यासों के चयन में हमारी सहायता इस प्रक्रिया का एक प्रमुख अंग है। हम विभिन्न प्रकार के इतने अधिक अभ्यासों को सीख लेते हैं कि भ्रमित हो जाते हैं और यह निर्णय नहीं ले पाते कि अपने आध्यात्मिक जीवन में उनका उपयोग किस प्रकार करें। यदि आप किसी दुकान में जाते हैं तो यह कैसे जानते हैं कि आपको क्या खरीदना है? आप दुकान की प्रत्येक चीज को देखते हैं तथा उन सबको खरीदना चाहते हैं। आन्तरिक जीवन के दरवाजे को खोलने की सैंकड़ों तकनीकें हैं, और जब आप उनके बारे में पढ़ते हैं तो वे सभी आकर्षक और प्रभावोत्पादक लगती हैं। अत: एक निष्ठावान्, सच्चे साधक के लिये गुरु से सहायता प्राप्त करना आवश्यक है। सिर्फ गुरु को ही प्रत्येक अभ्यास का पूर्ण ज्ञान होता है। वे ही साधक के लिये उन अभ्यासों का चयन कर सकते हैं जिन्हें वह स्वीकार और आत्मसात् कर सके।

गुरु के ज्ञान से उसे प्राचीन शास्त्रीय तकनीकों को वर्तमान काल की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाने में मदद मिलती है। मन, बुद्धि और भावना की संरचना स्थायी नहीं होती। काल विशेष की विशिष्टताओं के कारण इसमें भिन्नता आ जाती है, प्रत्येक शताब्दी के बीतने और प्रत्येक बड़े राजनैतिक, सामाजिक, भौगोलिक तथा आर्थिक परिवर्तन के साथ यह बदल जाती है। एक सौ वर्ष पहले जो पढ़ाया गया वह सही हो सकता है, लेकिन वह आज के सन्दर्भ में उपयुक्त नहीं भी हो सकता है। पूर्व में सिखायी गई तकनीकें तत्कालीन संस्कृति, समाज और मानव मन के लिये उपयुक्त थीं। अत: प्रत्येक पीढ़ी में अपने शिष्यों के लिये योगाभ्यास का चयन करने तथा उन्हें उनके अनुकूल बनाने में गुरु महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**भावनात्मक आवश्यकताएँ**

गुरु की भूमिका तकनीकों के स्तर से बहुत आगे तक जाती है। इसका प्रवेश भावनाओं के सूक्ष्म क्षेत्रों में भी होता है। अपनी भावनात्मक संतुष्टि के लिये मनुष्य को अनेक चीजों की आवश्यकता होती है। इन भावनात्मक आवश्यकताओं की प्रकृति और परिणाम विभिन्न समय में भिन्न-भिन्न होते हैं। हमारी आन्तरिक सजगता के विकास के लिये इन आवश्यकताओं की पूर्ति आवश्यक है। अन्यथा हमारे अन्दर भावनात्मक अवरोध उत्पन्न हो जायेगा। उदाहरण के लिये, अनेक लोग सन्तान के इच्छुक होते हैं, या अन्य प्रकार का भावनात्मक और सामाजिक सम्बन्ध स्थापित करना चाहते हैं। इन सम्बन्धों का हमारे भावनात्मक स्वरूप एवं




विकास पर गहरा प्रभाव पड़ता है, और अन्तत: वे उन अवरोधों को निकाल बाहर करते हैं जो हमारी आध्यात्मिक सजगता के विकास को अवरुद्ध करते हैं।

गुरु के साथ व्यक्ति का सम्बन्ध उसकी भावनात्मक आवश्यकताओं में से एक है, किन्तु इस आवश्यकता का अनुभव विकास के एक निश्चित स्तर पर ही होता है। शारीरिक एवं भावनात्मक सीमाओं के कारण पाँच वर्ष के एक बच्चे को कामवासना की पूर्ति की आवश्यकता नहीं होती, किन्तु अठारह वर्ष के नवयुवक होने पर वह जीवन विज्ञान की इन सीमाओं को पार कर जाता है और यौन आवश्यकता के प्रति सजग हो जाता है। इसी प्रकार संसार में बहुत-से ऐसे लोग हैं जो अनुभव करते हैं कि उन्हें गुरु की कोई आवश्यकता नहीं है। वे कभी यह सोचते ही नहीं कि जीवन में एक गुरु होना चाहिये या नहीं, क्योंकि वे विकास के इसी स्तर तक पहुँचे हैं। विकास के एक विशेष स्तर पर पुरुष और स्त्री को एक-दूसरे की आवश्यकता होती है। ठीक इसी प्रकार आध्यात्मिक या आत्मिक विकास होने पर व्यक्ति गुरु की आवश्यकता महसूस करने लगता है और तब उसके लिये यह सम्बन्ध आवश्यक हो जाता है।

## समर्थ मार्गदर्शक

इन भावनात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति के अलावा गुरु को एक अन्य भूमिका भी निभानी पड़ती है। आन्तरिक जीवन के अज्ञात अन्तरिक्ष में वे मार्गदर्शक का कार्य करते हैं। आन्तरिक जीवन एक भटकावपूर्ण जीवन है। यह एक अनन्त आकाश के सदृश है जहाँ दिशाएँ या कोई मार्गदर्शक संकेत नहीं है। वहाँ दायें-बायें, पूरब-पश्चिम या ऊपर-नीचे की कोई अवधारणा नहीं है। इस अनन्त अन्तरिक्ष में अपना मार्ग ढूँढना हवाईपट्टी के नियन्त्रण टावर के निर्देश के बिना रात्रि में वायुयान उड़ाने जैसा है। चालक को प्रत्येक दिशा एक समान दिखाई पड़ती है। आन्तरिक आकाश में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ यह बात सत्य है। यह अनन्त है और अनेक लोग वहाँ खो जाते हैं।

इस बात में कोई सन्देह नहीं कि आध्यात्मिक जीवन के बारे में सोचना आपको आनन्ददायक लगता है तथा इसका विचार ही बहुत उत्साहवर्द्धक और प्रेरक मालूम पड़ता है, लेकिन मैं आपको स्पष्ट रूप से कह दूँ कि यह वैसा नहीं है जैसा कि आप सोचते हैं। लोग कुण्डलिनी जागरण के बारे में इतने सामान्य ढंग से बातें करते हैं मानो यह किसी नशीले पदार्थ की खुराक हो। समाधि के बारे में बातें करना बहुत आसान है, किन्तु अपनी सजगता की वर्तमान अवस्था में हम इसे नहीं समझ सकते। उस अवस्था को प्राप्त करने के बाद ही हम जान सकते हैं कि वह क्या है। उन लोगों को, जिन्हें इस मार्ग का ज्ञान नहीं है, इसे पाने के प्रयास में बहुत कठिनाई होती है।



किन्तु यदि आपके सामने सदैव एक प्रकाश रहे तो आपको पता लग जाता है कि किधर जाना है। गुरु यह प्रकाश प्रदान करते हैं। सजगता के इस विशेष स्तर पर प्रत्येक साधक के अन्दर गुरु के लिये एक बलवती इच्छा उत्पन्न होती है। उस अवस्था में गुरु उसके लिये मार्गदर्शक का कार्य करते हैं। वे एक प्रकाश और एक दिशा प्रदान करते हैं। इसके बिना सब-कुछ शून्य रहता है; कोई विकास, अनुभव या ज्ञान नहीं हो सकता है।

गुरु आज्ञा चक्र के माध्यम से कार्य करते हुए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। इस बात को समझने के लिये हमें बोध की प्रकृति को समझना होगा। बोध एक आन्तरिक चीज है। यदि आप अभी मुझे यहाँ देख रहे हैं तो इसका बोध आपके बाहर नहीं, बल्कि अन्दर में हो रहा है। समझने वाला और जानने वाला अन्दर में है। न तो आँखें देखती हैं और न कान सुनते हैं। हमारे समस्त बोध, समझदारी और अनुभव हमारे अन्दर घटित होते हैं। वास्तव में समस्त ज्ञान और समस्त बोध एक अन्तर्बिन्दु से प्रकट होते हैं। वह बिन्दु गुरु का भी केन्द्र है, जिसे गुरु चक्र या

आज्ञाचक्र कहते हैं। आज्ञा का तात्पर्य आदेश, निर्देश या नियन्त्रण से है। चाहे वे हमारे शरीर में उत्पन्न हों या मन में, हमारे बाहर से आयें या भीतर से, हम जो भी नियन्त्रण, निर्देश और मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं, वे आज्ञाचक्र से गुजरते हैं। अत: इस आज्ञाचक्र रूपी नियन्त्रण तन्त्र के माध्यम से गुरु के लिये शिष्य को प्रत्यक्ष मार्गदर्शन प्रदान करना सम्भव होता है।

## ज्ञान के साधनों का रूपान्तरण

शिष्य सजगता की इस प्रक्रिया से प्राय: अनभिज्ञ रहता है, क्योंकि सामान्यत: पाँच स्थूल इन्द्रियाँ ही उसके बोध का स्रोत होती हैं। किन्तु हमारी इन पाँचों इन्द्रियों की भी सीमाएँ हैं और ज्ञान के ऐसे अनेक क्षेत्र हैं जिनके सन्दर्भ में ये हमारी सहायक नहीं हो सकती हैं। हम गुरु को उनकी सम्पूर्णता में नहीं देख सकते हैं। जब तक हमारे बोध के साधन हमारी इन्द्रियों तक सीमित हैं, हम अपने गुरु के सिर्फ भौतिक शरीर को ही समझ सकेंगे। किन्तु गुरु शरीर से बहुत अधिक और बहुत ऊँचे होते हैं। वे श्रेष्ठतर, उच्चतर, अभौतिक शरीरों में भी रहते हैं और उनके द्वारा वे हमारा मार्गदर्शन करते हैं। किन्तु इन बातों को समझने के लिये हमें अपने बोध के साधनों में परिवर्तन लाना होगा, और अन्तत: हमें गुरु के भौतिक पक्ष को नहीं, बल्कि उनके आध्यात्मिक पहलू को समझना होगा।

यदि आप किसी मूर्ख व्यक्ति को एक बिना तराशा हुआ हीरा दें तो वह क्या करेगा? यदि उसे पैसे की आवश्यकता होगी तो वह उसे एक कीमती पत्थर के रूप में बाजार में बेच देगा। वह गलती नहीं कर रहा है, क्योंकि हीरा निश्चित रूप से एक पत्थर ही है। किन्तु अपनी सीमित समझदारी के कारण वह हीरे के सिर्फ एक पहलू को ही समझ रहा है। लेकिन यदि आप वही पत्थर एक हीरा साज को देंगे तो वह उसे सिर्फ एक पत्थर नहीं समझेगा, क्योंकि उसमें उसके गुणों को पहचाने की क्षमता है।

बोध की यह भिन्नता क्यों उत्पन्न होती है? इसका कारण यह है कि हमारे बोध के उपकरण भिन्न-भिन्न मात्रा में परिष्कृत होते हैं और हम सिर्फ वहीं तक देख और समझ सकते हैं जहाँ तक ये उपकरण हमारी सहायता करते हैं। यदि वे अपरिष्कृत हैं तो उनके माध्यम से प्राप्त ज्ञान भी अपरिष्कृत होगा और यदि वे परिष्कृत हैं तो उनके द्वारा संचारित ज्ञान भी परिष्कृत होगा। गुरु से सम्बन्धित ज्ञान के साथ भी यह बात लागू होती है। अत: सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण बात जो हमें सीखनी है वह यह है कि हम अपने बोध के उपकरणों का परिष्कार कैसे करें। उनका परिष्कार करने के बाद हम पायेंगे कि हमने बोध के उन केन्द्रों को खोल दिया है जो शारीरिक इन्द्रियों के क्षेत्र से बिल्कुल परे हैं। हम स्वयं देखेंगे कि गुरु सजगता के विभिन्न स्तरों पर भिन्न-भिन्न रूप से स्थित हैं। और जब गुरु द्वारा सिखायी गयी यौगिक तकनीकों द्वारा हमारा सम्पूर्ण अस्तित्व शुद्ध और परिमार्जित हो जायेगा तो हमारे अपने सद्गुरु प्रकट होंगे। ■



A true disciple is concerned only with the divine nature of the Guru. The Guru's actions as a man is not the disciple's concern. He is totally oblivious of it. To him, the Guru is Guru even if he acts unconventionally.

Always remember that the nature of a saint is unfathomable. Judge him not. Measure not his divine nature with the inadequate yardstick of your ignorance. Criticize not your Guru's action which is done from a universal vision.

*—Swami Sivananda Saraswati*

# Inner Guru

*Swami Niranjanananda Saraswati*

The inner guru is the awakening of the guru's force in the life, body and personality of the disciple. It is the flowering of the guru's energy which is manifesting inside. The word *guru* means dispeller of darkness. It can be a person, it can also be a concept or a thought, it can be anything. The inner guru is something which helps you to overcome the limiting traits of your nature, and to have a broader vision concerning yourself and the cosmos.

**Many forms of guru**

For many people guru is a book, and for many guru is a living presence or an idea of faith and devotion. For the Sikhs the ultimate guru is the *Guru Granth Sahib*. The main text and guru which they follow with the utmost reverence and faith is this compilation of the teachings of the ten gurus of their tradition. They do not have a physical, living guru. Even the followers of the Sanatan spiritual tradition have the Vedas and the Upanishads for their guru.

For many spiritual aspirants gurus are living persons or forces, while for others guru is an idea or a concept of divinity towards which they have deep inner reverence, respect and faith. So the concept of guru can change. However, whatever form of guru you have is simply a means or a medium through which you can overcome your limitations, remove the veil of ignorance and experience light.

It has been a human trait since the beginning of creation for man to relate himself to someone manifest. We have always looked to another person to guide us in our process of discovery. Therefore, in the modern context, guru means a relationship with a living person who represents the culmination of an idea or the fulfilment of a concept.

This fulfilment of a concept also becomes a very important drive. People who are bhakti oriented find solace when they go, for example, to the Hare Krishna community. People who are intellectually inclined felt satisfaction when they visited somebody like Swami Chinmayananda, who was a highly intellectual person. People of all odd shapes, colours and sizes like us feel attracted towards a person like Swami Satyananda.

**Surrender 'but' and 'and'**

To experience the inner guru, the disciple or aspirant has to make some effort to let down his defences and allow the force of the guru to transform his entire being from inside. If you want to take a bath, then you have to take off your clothes first. If you have a job to do, then you have to adopt the method necessary to do it. If you want to experience the inner guru, you have to surrender.

You have to surrender because as long as there is the barrier of 'I am a distinct person from the guru and I am the judge of my guru's instructions', then you may desire in the deepest core of your being to experience the inner guru, but you will not experience it because there is duality, *dvaita bhava*. There is the notion of 'I' and 'he', there is the notion of 'me' and the guru as separate beings.

The two words 'but' and 'and' do not exist in surrender. 'But' represents the ego, 'and' represents one's ambition. If you surrender then you will experience the inner guru. For that you need to be a different person. You cannot be what you perceive of as being yourself. Not 'I am this person having this idea, this drive, this motivation, this desire, this feeling'. If that is what you really are then it is not really worthwhile or necessary for you to become a disciple.

If you do not consider yourself as 'I am this, I am that', then it is easier to merge with the wider body of the guru's energy. It allows for more freedom. Otherwise it is like trying to swim across the river carrying different packs on your back which are pulling you down. The person on the other side says, "Throw



off the burden from your back!" and you say, "But it has all my life experiences in it. How can I do that?" So if you can't do it, sink. Who cares?

The guru is not going to care, he has to care for everyone. Why should he kill himself because of the whims of one who does not wish to listen to him? That is the practicality of being a guru. The disciple has to be of a different type, one who can simply say, "Okay, all my burdens are off, I have created freedom of movement. Now what do I do?" ■

# शिष्यों के लिए पंच-सकार साधना

स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती

जो शिष्य गुरु के आश्रम में रहते हैं, उनके लिए विशेष साधना होती है। जिस तरह तंत्र शास्त्र में पंच-मकार साधना है, उसी प्रकार आश्रमों में जिज्ञासुओं और मुमुक्षुओं के लिए पंच-सकार साधना का निर्देश दिया गया है। पंच-सकार में पहली साधना है समर्पण – जिस गुरु के साथ हम हैं, उनके प्रति अपने को पूर्णतया समर्पित कर देना। केवल वैचारिक समर्पण नहीं कि आज से मैंने अपने आप को समर्पित कर दिया है, बल्कि रोज देखना चाहिए कि कल मेरे समर्पण में कहीं कोई कमी तो नहीं रह गयी जिसको मैं आज दूर कर सकता हूँ। समर्पण का अवलोकन भी रोज करना है। मन को टटोलकर एक बार देखो कि कल के कर्मों और विचारों में मेरा समर्पण पूरा था या कहीं पर उसमें कमी थी, बाधा थी।

उसके बाद है साधना, वह पुरुषार्थ जो आश्रम नियम और परम्परा के अनुसार अथवा गुरु निर्देश के अनुसार हमको करने के लिए कहा जाता है।

पंच-सकार का तीसरा अंग है सेवा, *नाहं कर्त्ता हरि: कर्त्ता, हरि: कर्त्ता हि केवलं* की भावना से युक्त होकर किया गया कर्म। सेवा का मतलब होता है, मैं अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के हित और उत्थान के लिए कर्म कर रहा हूँ। सेवा-भाव से किये गये कर्मों द्वारा चित्त शुद्ध और पवित्र बनता है।

हमारे गुरुजी अपने ऋषिकेश जीवन की कहानी सुनाते थे कि एक बार स्वामी चिदानन्द जी और उन्होंने सड़क पर एक कुष्ठ रोगी को देखा और उसे उठाकर आश्रम में ले आये। स्वामी शिवानन्द जी ने उनसे कहा, 'यह रोगी नहीं, साक्षात् ब्रह्म है, ईश्वर है, जो इस समय पीड़ा में है। इसकी खूब अच्छे से सेवा करो।' स्वामी सत्यानन्द जी और स्वामी चिदानन्द जी रोज उस बीमार व्यक्ति की सेवा करते, उसको नहलाते, उसके घावों को पोंछते, उन पर दवाई और मलहम-पट्टी लगाते। एक दिन कोई घाव ज्यादा जोर से दब गया तो वह मरीज दर्द के मारे कराह उठा। गुस्से में आकर उसने उन्हें गाली दी कि तुम लोग कैसी सेवा करते हो और स्वामीजी पर थूक दिया।

श्री स्वामीजी तमतमा गए। क्षत्रिय जात और कोई उनके मुँह पर थूक दे! सहन नहीं हुआ। वे सीधे स्वामी शिवानन्द जी के पास गये और कहा, 'आप खुद ही सम्भालिये अपने ईश्वर को। जिसे तमीज तक नहीं है, मैं उसकी सेवा करने वाला नहीं।' स्वामी शिवानन्द जी ने शान्त स्वर में कहा, 'उसे तमीज नहीं, कोई बात नहीं। लेकिन तुम्हें तो तमीज है न। तुम अपना काम करते रहो।' ऐसा कहकर स्वामी शिवानन्द जी ने उन्हें वापस मरीज के पास भेज दिया।

श्री स्वामीजी बतलाते हैं कि स्वामी शिवानन्द जी बीच-बीच में उनको ऐसे निर्देश या संकेत दिया करते थे जिनसे उनकी आँखें खुल जाती थीं। उन्हें मालूम चल जाता था कि मैं यहाँ पर गलती कर बैठा हूँ और तुरंत उस गलती को ठीक करने के लिए वे तत्पर रहते थे। यह है सेवा।

चौथी साधना है सत्संग। शिष्य सत्संग के माध्यम से अपने विचारों और भावनाओं की फाइन-ट्यूनिंग करता है। वह नये विचारों को ग्रहण करता है, अपने आध्यात्मिक लक्ष्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करता है। रास्ते में कहाँ-कहाँ पर अवरोध हो सकते हैं, कहाँ पर अपनी गाड़ी को धीमा करना है और कहाँ पर तेज रफ्तार से ले जाना है, इन सबकी जानकरी मिलती है। और बहुत बार जब हमारी गाड़ी पटरी से उतर जाती है तब सत्संग के द्वारा हम उसे दुबारा पटरी पर ले आते हैं।



पाँचवीं साधना है स्वाध्याय, जिसका मतलब होता है आत्म-सजगता। स्वाध्याय का मतलब पोथी पढ़ना नहीं। स्वाध्याय का मतलब स्वयं का अध्ययन, स्वयं की जानकारी प्राप्त करना। इसके लिए हमेशा सजग और सचेत द्रष्टा का भाव रखना पड़ता है। योग का यह मूल सूत्र भी है कि द्रष्टा भाव को अपनाकर तुम भोगी से योगी बनो। भोगी द्रष्टा नहीं, भोक्ता होता है। लेकिन जो योगी होता है, वह भोक्ता नहीं, द्रष्टा होता है। वह निरंतर देखता है। जैसे इस मंच पर बैठकर मैं सब को देख सकता हूँ, कौन हिल रहा है, कौन झूल रहा है, कौन अकड़कर बैठा है, कौन सो रहा है, कौन झपकी ले रहा है, कौन दीवार से सटकर बैठा है। इसको कहते हैं द्रष्टा, देखने वाला। स्वाध्याय में स्वयं का द्रष्टा बनना पड़ता है, स्वयं से प्रश्न करना पड़ता है, 'इस विषय को मैंने समझा या नहीं, मेरा व्यवहार उचित था या अनुचित, उसमें कहाँ पर दोष है, मैंने कहाँ पर गलती की है?' इस प्रकार अपने आप को देखकर अपनी गलतियों को ठीक करना पड़ता है।

ये पंच-सकार – समर्पण, साधना, सेवा, स्वाध्याय और सत्संग, आश्रम में रहने वाले शिष्य की साधना बनते हैं। मैं यहाँ पर संन्यासी और गृहस्थ शिष्य में अन्तर नहीं कर रहा हूँ। आश्रम में रहने वाले शिष्य की बात बोल रहा हूँ, चाहे वह कोई भी हो, चाहे जिस रंग का भी वस्त्र पहनता हो। ये नियम सभी पर लागू होते हैं। हाँ, जब संन्यासियों की बात करूँगा, तब फिर उनके लिए संन्यास धर्म अलग है, मैं यहाँ पर केवल शिष्य धर्म की बात कर रहा हूँ।

शिष्य धर्म का पालन करना, उसे सिद्ध करना, यही सर्वोच्च साधना है। आसन-प्राणायाम, जप-ध्यान, क्रिया-कुण्डलिनी योग सीखना आसान है, कुण्डलिनी को जगाना भी सरल है, लेकिन शिष्य धर्म को निभाना और शिष्य का जीवन जीना बहुत कठिन है।

मैंने बहुत-से स्थानों की यात्रा की है और अनेक ऐसे लोगों से मिला भी हूँ जो अपने आपको गुरु मानते हैं। उन तथाकथित गुरुओं के लिए शिष्यत्व गुरुत्व की मंजिल तक पहुँचने के लिए, गुरु पद पर आसीन होने के लिए एक साधन मात्र था। ऐसे लोग दिग्भ्रमित हैं, क्योंकि गुरुत्व नाम की कोई चीज नहीं होती। केवल शिष्यत्व होता है और शिष्यत्व में उत्तरोत्तर वृद्धि होती है। तुम जितने अच्छे शिष्य बनते हो, उतने ही अच्छे ट्रांसमिटर भी बनते हो, और चूँकि तुम एक अच्छे ट्रांसमिटर बन गए हो, इसलिए तुम गुरु भी बनते हो।

शिष्य गुरु की शक्ति का ट्रांसमिटर, गुरु की ऊर्जा का संचारक होता है। विद्युत शक्ति के संचार के लिए यह जरूरी है कि बिजली की तार कार्बन से मुक्त रहे। अगर तारों पर कार्बन जमा रहेगा तो बत्तियाँ नहीं जलेंगी। इसी प्रकार शिष्यत्व का प्रयोजन हमारी तारों पर जमे कार्बन को हटाकर उन्हें साफ रखना है, ताकि हमारे जीवन में दैवी कृपा का प्रवाह सतत्, निर्विघ्न रूप से होता रहे, और संक्षेप में यही शिष्य धर्म है। ■




# Guru Poornima

*Swami Sivananda Saraswati*

The full moon day in the month of Ashada is the extremely auspicious and holy day of Guru Poornima. On this Ashada Poornima day, sacred to the memory of the great sage Sri Vyasa Bhagavan or Sri Krishna Dvaipayana, sannyasins settle in a place to study, do *vedantic vichara*, enquiry, and discourse on the thrice-blessed *Brahma Sutras* composed by Maharishi Vyasa.

Mark fully the deep significance of this great day. Ashada or Guru Poornima heralds Chaturmas, the setting in of the eagerly awaited rains. The water, drawn up and stored as clouds in the hot summer, now manifests in plentiful showers that usher in the advent of fresh life everywhere. Even so begin seriously to put into actual working all the theory and philosophy that you have stored up in you through patient study.

Commence practical spiritual sadhana right from this day. Generate fresh waves of spirituality. Let all that you have read, heard, seen and learnt become, through sadhana, transformed



into a continuous outpouring of universal love, ceaseless loving service and continuous prayer and worship of the Lord seated in all beings.

Have a new angle of vision. Behold the entire universe as *guru swaroopa,* the form of the guru. See the guiding hand, the awakening voice, the illumining touch of the guru in every object in this creation. The whole world will now stand transformed before your changed vision.

The moon shines by reflecting the dazzling light of the sun. It is the full moon of Poornima day that reflects in full splendour the glorious light of the sun. It glorifies the sun. Purify yourself through the fire of service and sadhana and, like the full moon, reflect the glorious light of the atman. Become the full reflectors of Brahmic splendour, the Light of lights. Make this your goal, to become a living witness to divinity, the brilliant Sun of suns! ■



Guru Poornima!
Revive the zeal.
Refresh the mind.
Dedicate anew.
Resolve tangibly.
Test your sincerity, love and purity.
Offer your restlessness to me.

Guru Poornima is your rebirth day – be ready.
Empty yourself so that you can be filled with music.
Bathe in nectar and await the rising sun.
As darkness disappears, shake your body and mind.
Let the old samskaras drop away.
Tune in with me on the spiritual plane
And begin to live a beautiful new life.

*—Swami Satyananda Saraswati*









# Guru Poornima

*Swami Niranjanananda Saraswati*

*Poornima* means full moon, and guru is guru. So many people think it is the full moon of the guru, the attainment of guru which is celebrated on this day. Sri Swami Satyananda, however used to say that Guru Poornima is not the day of attainment of guru but it is the day of attainment for the disciple.

If you look at the dark night, the moon is there but it is not seen. Then on the first day, you see a little bit of light around the edge, then on second day the light increases and covers a greater part of the moon, on the third day it increases, the fourth day it increases and by the fourteenth or fifteenth day the moon is full. The waxing of the moon it is called. The moon has always been there, but day by day the luminosity is seen more and eventually the luminosity of the sun illuminated the entire moon.

